NYC HEALTH+ HOSPITALS

**प्रभावी होने की तिथि: 1 जनवरी, 2021**

# NYC Health + Hospitals
# गोपनीयता प्रथाओं का नोटिस

**यह गोपनीयता प्रथाओं का नोटिस (“NPP”) वर्णित करता है कि आपकी चिकित्सा जानकारी को कैसे उपयोग और प्रकट किया जा सकता है और आप इस जानकारी को कैसे एक्सेस कर सकते हैं। कृपया सावधानीपूर्वक इसकी समीक्षा करें।**

## परिचय और जानकारी

New York City Health and Hospitals Corporation डी/बी/ए NYC Health + Hospitals (इसे "सिस्टम" के नाम से भी संदर्भित किया गया है) को संघीय कानून, विशेष रूप से स्वास्थ्य बीमा पोर्टेबिलिटी और जवाबदेही अधिनियम 1996 ("HIPAA") के तहत आपकी संरक्षित स्वास्थ्य जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना आवश्यक है जिसमें आपको इसके कानूनी कर्तव्यों के बारे में और हमारे द्वारा आपके बारे में एकत्रित की गई जानकारी के प्रकारों के विवरणों के बारे में, उन लोगों के बारे में जिनके साथ यह जानकारी साझा की जा सकती है, और आपके अधिकारों के बारे में सूचना प्रदान करना शामिल है। यह NPP, HIPAA के अंतर्गत आपकी स्वास्थ्य जानकारी से संबंधित आपकी गोपनीयता की सुरक्षा और अन्य अधिकारों का वर्णन करता है। आपको अन्य संघीय कानूनों और/या राज्य के कानून के तहत अतिरिक्त सुरक्षा और अधिकार भी दिए जा सकते हैं जिनका इस NPP में वर्णन नहीं किया गया है।

शब्द "स्वास्थ्य जानकारी," जैसा कि इस NPP में प्रयोग किया गया है, किसी भी व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी को संदर्भित करता है जिसे सिस्टम द्वारा निर्मित, प्राप्त, मेन्टेन या प्रसारित किया जाता है, और जो आपके स्वास्थ्य देखभाल और उपचार तथा इस तरह की देखभाल और उपचार के लिए किए गए भुगतान से संबंधित है। विशेष गोपनीयता सुरक्षाएं, जिनका इस NPP के भीतर उल्लेख नहीं है, HIV से संबंधित स्वास्थ्य जानकारी, नशीले पदार्थ के उपयोग विकार संबंधी जानकारी, मानसिक स्वास्थ्य जानकारी और आनुवांशिक जानकारी या आनुवंशिक परीक्षण जानकारी पर लागू हो सकती हैं।

यह NPP उन सभी गोपनीयता अभ्यासों का वर्णन करती है जिनका सभी NYC Health + Hospitals की सुविधाओं, इकाइयों और संस्थाओं में पालन किया जाना चाहिए, जिसमें सभी गहन देखभाल अस्पताल और संबंधित क्लीनिक; सभी गोथम स्वास्थ्य निदान और उपचार केंद्र और संबंधित विस्तारित क्लीनिक; सभी दीर्घकालिक गहन देखभाल सुविधाएं और कुशल नर्सिंग सुविधाएं; और सभी घर और समुदाय आधारित सेवाएं और कार्यक्रम शामिल हैं।

NYC Health + Hospitals के पास इस NPP को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है। NYC Health + Hospitals के पास संशोधित या परिवर्तित NPP को पहले से बनाई रखी गई स्वास्थ्य जानकारी और साथ ही भविष्य में प्राप्त होने वाली किसी भी स्वास्थ्य जानकारी के लिए प्रभावी बनाने का अधिकार संरक्षित है। NYC Health + Hospitals वर्तमान NPP की एक प्रति (इसके प्रभावी होने की तिथि के साथ) अपनी सुविधाओं, इकाइयों, और संस्थाओं में सहज दृश्य स्थानों पर और अपनी सार्वजनिक वेबसाइट पर पोस्ट करेगा।

## उपचार, भुगतान और स्वास्थ्य देखभाल संचालन से संबंधित स्वास्थ्य जानकरी का उपयोग और खुलासा

**उपचार।** सिस्टम आपको चिकित्सा उपचार, देखभाल या सेवाएं प्रदान करने के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है, और आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा आपकी देखभाल में शामिल स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं या अन्य कार्यबल सदस्यों के साथ कर सकता है। अस्पताल के विभिन्न विभाग आपके लिए आवश्यक हो सकने वाली विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं, जैसे कि प्रिस्क्रिप्शन, प्रयोगशाला कार्य, और एक्स-रे, को समायोजित करने के लिए भी आपकी स्वास्थ्य जानकारी को साझा कर सकते हैं। जब भी आवश्यकता होगी, सिस्टम आपके स्वास्थ्य की जानकारी का खुलासा सिस्टम के बाहर के उन व्यक्तियों के साथ भी कर सकता है जो आपकी देखभाल में शामिल हो सकते हैं। *उदाहरण के लिए: आपके टूटे हुए पैर का इलाज करने वाले किसी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को किसी अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से यह जानने की जरूरत पड़ सकती है कि आपको मधुमेह है या नहीं, क्योंकि मधुमेह उपचार प्रक्रिया को धीमा कर सकता है और उन्हें उपयुक्त सेवाओं की व्यवस्था करने की आवश्यकता होती है।*

**भुगतान।** सिस्टम आपके स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं और उपचार के लिए भुगतान प्राप्त करने हेतु आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है। सिस्टम आपके हेल्थ प्लान के साथ आपको प्राप्त होने जा रहे उपचार या प्रक्रिया के बारे में पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करने के लिए या यह निर्धारित करने के लिए कि आपका प्लान इसे कवर करेगा या नहीं, आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है। पूरी तरह से आपके द्वारा भुगतान की गई स्वास्थ्य देखभाल या सेवाओं के लिए, आप अनुरोध कर सकते हैं कि सिस्टम आपकी बीमा कंपनी के साथ साझा की जाने वाली स्वास्थ्य सूचना को कानून द्वारा अनुमत सीमा तक ही सीमित रखे। *उदाहरण के लिए: सिस्टम को, आपको NYC Health + Hospitals में प्राप्त सर्जिकल प्रक्रियाओं की जानकारी आपके हेल्थ प्लान को देने की आवश्यकता पड़ सकती है, ताकि आपका हेल्थ प्लान ऐसी प्रक्रियाओं के लिए सिस्टम को भुगतान या आपको प्रतिपूर्ति प्रदान करे।*

**स्वास्थ्य देखभाल संचालन।** सिस्टम दैनिक आधार पर संचालन करने के लिए और NYC Health + Hospitals के रोगियों को गुणवत्ता पूर्ण देखभाल प्राप्त होना सुनिश्चित करने के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है। सिस्टम प्रदान की गई सेवाओं की प्रभावशीलता और

आवश्यकता को निर्धारित करने के लिए सांख्यिकी या विश्लेषण संचालन हेतु कई रोगियों की स्वास्थ्य जानकारी को भी एक साथ जोड़ सकता है। आवश्यकता होने पर, सिस्टम स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा अनुबंधित लेखाकारों, सलाहकारों और अन्य पेशेवरों के साथ भी कर सकता है जो विभिन्न कार्यक्रमों, संस्थाओं और सुविधाओं के संचालनों में सहायता प्रदान करते हैं। *उदाहरण के लिए: सिस्टम इसके द्वारा आपको प्रदान किए गए उपचार और सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करने के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग कर सकता है।*

**अपॉइंटमेंट के रिमाइंडर।** सिस्टम किसी सुविधा, इकाई या संस्था में आपकी अपॉइंटमेंट के बारे में याद दिलाने के लिए आपसे संपर्क करने हेतु आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है।

**<u>स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा जहां प्राधिकरण आवश्यक है</u>**

NYC Health + Hospitals को निम्नलिखित स्थितियों में आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग या खुलासा करने से पहले आपका लिखित प्राधिकरण प्राप्त करना होगा:

**मार्केटिंग।** इससे पहले कि सिस्टम किसी उत्पाद या सेवा को खरीदने या उपयोग करने के बारे में आपके साथ संवाद करने के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग कर सके, सिस्टम को आपका लिखित प्राधिकरण प्राप्त करना होगा, जब तक कि आपके और सिस्टम के बीच यह संचार आमने-सामने नहीं किया गया हो, या इसमें सिस्टम द्वारा आपको प्रदान किया गया बहुत मामूली मूल्य का एक प्रचारात्मक उपहार शामिल ना हो। हालांकि, जब तक कि सिस्टम को आपके साथ संवाद करने के बदले किसी तीसरे पक्ष से भुगतान प्राप्त ना होता हो तब तक, निम्नलिखित स्थितियों में पूर्व लिखित प्राधिकरण की आवश्यकता नहीं होती: (i) स्वास्थ्य संबंधी लाभ और सेवाएं; (ii) दवा की जानकारी; और (iii) उपचार के विकल्प।

**स्वास्थ्य जानकारी की बिक्री।** NYC Health + Hospitals लिखित प्राधिकरण के बिना आपकी स्वास्थ्य जानकारी नहीं बेचेगा।

**<u>स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा जहां प्राधिकरण आवश्यक नहीं है</u>**

NYC Health + Hospitals को निम्नलिखित स्थितियों में आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा करने से पहले आपका लिखित प्राधिकरण प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है:

**सुविधा निर्देशिका।** जब आप अस्पताल में भर्ती होते हैं, तो सिस्टम अस्पताल की सुविधा निर्देशिका में आपकी कुछ स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग कर सकता है। इस स्वास्थ्य जानकारी में आपका नाम, सुविधा में स्थान, आपकी सामान्य स्थिति और आपकी धार्मिक मान्यता शामिल हो सकते हैं। *ध्यान दें:* आपकी धार्मिक मान्यता के बारे में केवल पादरी या पादरी कार्यबल के सदस्यों को ही बताया जाएगा। यदि आप चाहते हैं कि सिस्टम इस स्वास्थ्य सूचना को सुविधा निर्देशिका में शामिल ना करे, तो आपको इस तरह

की जानकारी को शामिल करने पर आपत्ति करने का अधिकार है, और ऐसा करने के लिए आप सुविधा में भर्ती करने वाले या स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

**अनुदान संग्रह गतिविधियां।** सिस्टम आपसे सिस्टम की सुविधाओं और स्वास्थ्य देखभाल कार्यों के लिए अनुदान संग्रह के उद्देश्यों से आपसे संपर्क करने हेतु आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग या खुलासा कर सकता है। NYC Health + Hospitals इन्हीं उद्देश्यों से सिस्टम से संबंधित फाउंडेशन या बिजनेस असोसिएट के साथ भी आपकी स्वास्थ्य जानकारी साझा कर सकता है। इस प्रकार के संपर्क प्राप्त करने से बाहर निकलने के लिए, आप optoutforfundraising@nychhc.org पर एक लिखित अनुरोध का ई-मेल भेज सकते हैं। अनुदान संग्रह संचार प्राप्त ना करने का चयन करने पर आपको उपचार, या किसी अन्य लाभ या सेवा से वंचित नहीं किया जा सकता।

**अनुसंधान।** यदि आप किसी चिकित्सकीय परीक्षण में भाग लेते हैं, तो NYC Health + Hospitals आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग करने या साझा करने से पहले आपकी लिखित अनुमति मांगेगा। कुछ विशेष परिस्थितियों में, सिस्टम आपकी गोपनीयता का न्यूनतम जोखिम सुनिश्चित करने वाली एक विशेष अनुमोदन प्रक्रिया करने के बाद आपकी लिखित अनुमति के बिना ही आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग किसी शोध अध्ययन के लिए कर सकता है। किसी भी परिस्थिति में कोई भी शोधकर्ता शोध अध्ययन की तैयारी करने के लिए, उसके दौरान, या उसके बाद आपके नाम या आपकी पहचान का सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं करेगा।

**आपकी देखभाल या आपकी देखभाल के लिए भुगतान में शामिल व्यक्ति।** जब तक आप आपत्ति नहीं करते हैं, तब तक सिस्टम आपके स्वास्थ्य की जानकारी का खुलासा परिवार के ऐसे सदस्य या मित्र के साथ कर सकता है जो आपकी देखभाल में शामिल है या आपकी देखभाल के लिए भुगतान करता है।

**व्यक्ति जो आपकी तरफ से कार्य कर सकते हैं।** सिस्टम आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा आपके किसी निजी प्रतिनिधि के साथ कर सकता है, जिसमें आपके माता-पिता या अभिभावक शामिल हैं।

**स्वास्थ्य या सुरक्षा पर गंभीर खतरा टालने के लिए।** सिस्टम आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा या आम जनता या किसी अन्य व्यक्ति के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर गंभीर खतरे को रोकने के लिए, आवश्यक होने पर आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है।

**सैनिक और सेवानिवृत्त सैनिक।** यदि आप सशस्त्र बलों के सदस्य हैं, तो सिस्टम सैन्य कमान अधिकारियों की आवश्यकता के अनुसार आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा कर सकता है।

**श्रमिक मुआवजा।** सिस्टम आपकी स्वास्थ्य जानकारी आवश्यकता के अनुसार श्रमिक मुआवजा बोर्ड या इसके समान कार्यक्रमों के समक्ष प्रकट कर सकता है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य गतिविधियाँ।** सिस्टम सार्वजनिक स्वास्थ्य उद्देश्यों, जैसे कि बीमारी के प्रसार को रोकना, या कुछ चिकित्सा स्थितियों, जन्म, मृत्यु, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और घरेलू हिंसा की रिपोर्ट प्राप्त करना, आदि के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है।

**स्वास्थ्य निगरानी गतिविधियाँ।** सिस्टम कानून द्वारा प्राधिकृत गतिविधियों के लिए, जिसमें ऑडिट, जांच और निरीक्षण शामिल हैं, स्वास्थ्य निगरानी एजेंसी के साथ आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है।

**कानूनी कार्रवाइयाँ।** यदि आप किसी मुकदमे या कानूनी विवाद में शामिल हैं, तो सिस्टम अदालत या प्रशासनिक आदेश के उत्तर में आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा कर सकता है। सिस्टम किसी सम्मन, खोज अनुरोध, या विवाद में शामिल किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी अन्य कानूनी प्रक्रिया के उत्तर में भी आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा कर सकता है, लेकिन केवल तभी जब आपको इस अनुरोध के बारे में बताने या अनुरोध की गयी जानकारी की सुरक्षा के लिए कोई आदेश प्राप्त करने का समुचित प्रयास किया गया हो।

**कानून प्रवर्तन।** सिस्टम कानून प्रवर्तन उद्देश्यों के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं: (i) किसी संदिग्ध, भगोड़े, सारभूत गवाह या लापता व्यक्ति की पहचान करना या पता लगाना; (ii) किसी अपराध के पीड़ितों से संबंधित परिस्थितियों में; (iii) मौतों के मामले में जिनमें हमारा मानना हो कि यह एक आपराधिक कृत्य का परिणाम हो सकता है; (iv) NYC Health + Hospitals सुविधा में होने वाले अपराधों के मामले में; और (v) किसी आपात स्थिति में अपराध, अपराध या पीड़ितों के स्थान, या अपराध करने वाले व्यक्ति की पहचान, विवरण या स्थान के बारे में रिपोर्ट करना।

**मृत्यु।** सिस्टम ऐसे किसी व्यक्ति, जिनके पास आपकी ओर से कार्य करने का कानूनी अधिकार है, एक निजी प्रतिनिधि, या आपकी देखभाल में शामिल अन्य व्यक्ति को आपकी मृत्यु के बारे में सूचित करने के लिए, या उनका पता लगाने में मदद के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है, जब तक कि ऐसा करना आपके द्वारा लिखित में व्यक्त किए गए किसी पूर्व प्राथमिकता या निर्देश के साथ असंगत ना हो।

**मृत्यु समीक्षक, चिकित्सा परीक्षक, अंतिम संस्कार प्रबंधक और अंग दान।** सिस्टम किसी मृत्यु समीक्षक, चिकित्सा परीक्षक, या अंतिम संस्कार प्रबंधक को उनके कर्तव्यों को पूरा करने के लिए आवश्यकता के अनुसार उनके साथ आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है। सिस्टम अंग, नेत्र और ऊतक दान के प्रयोजनों से भी आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है।

**आपदा राहत।** सिस्टम आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए, आपके परिवार के सदस्यों, निकटतम रिश्तेदार, व्यक्तिगत प्रतिनिधि, या आपकी देखभाल के लिए जिम्मेदार अन्य लोगों को सूचनाओं के समन्वय के उद्देश्य से कानून या अन्य प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत किसी सार्वजनिक या निजी संस्था के साथ आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और खुलासा कर सकता है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा और जासूसी गतिविधियाँ।** सिस्टम कानून द्वारा प्राधिकृत जासूसी, प्रति गुप्त योजना और अन्य राष्ट्रीय सुरक्षा गतिविधियों के लिए प्राधिकृत संघीय अधिकारियों के साथ आपकी सवास्थ्य जानकारी का खुलासा सकता है।

**राष्ट्रपति और अन्य लोगों के लिए सुरक्षात्मक सेवाएं।** सिस्टम प्राधिकृत संघीय अधिकारियों के साथ आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा कर सकता है ताकि वे राष्ट्रपति, अन्य प्राधिकृत व्यक्तियों, विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को सुरक्षा प्रदान कर सकें या विशेष जांच कर सकें।

**<u>आपकी स्वास्थ्य जानकारी के संबंध में अधिकार</u>**

आपके पास सिस्टम में आपके बारे में बनाए रखी गई स्वास्थ्य जानकारी के संबंध में निम्नलिखित अधिकार हैं:

**एक्सेस करने और प्रतिलिपि प्राप्त करने का अधिकार।** आपको मनोचिकित्सा नोट्स और वर्तमान में चल रहे चिकित्सकीय अनुसंधान परीक्षण से संबंधित जानकारी को छोड़कर, अपनी स्वास्थ्य जानकारी को एक्सेस करने और उसकी प्रतिलिपि प्राप्त करने का अनुरोध करने का अधिकार है। आपको अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रतियां अपनी पसंद के प्रारूप में प्राप्त करने का अनुरोध करने का अधिकार है। अपनी स्वास्थ्य जानकारी को एक्सेस करने या उसकी एक प्रति का अनुरोध करने के लिए कृपया अपना अनुरोध लिखित रूप में सुविधा या संस्था के स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन विभाग में जमा करें। सिस्टम के पास सीमित परिस्थितियों में, आपकी स्वास्थ्य जानकारी का एक्सेस देने से इनकार करने काअधिकार सुरक्षित है, और यदि ऐसा होता है, तो उसे आपको इस इनकार के बारे में, और साथ ही उस निर्णय के विरुद्ध अपील करने के आपके अधिकार के बारे में भी एक लिखित स्पष्टीकरण प्रदान करना होगा। सिस्टम मेडिकल रिकॉर्ड की प्रतियां बनाने की लागत को कवर करने के लिए उचित शुल्क लगा सकता है। सिस्टम को आपके द्वारा अनुरोधित जानकारी भेजने से पहले किसी भी प्रत्याशित शुल्क, किसी भी कारण से अनुरोधित स्वास्थ्य जानकारी के विलंब, या अनुरोधित स्वास्थ्य जानकारी अनुरोधित प्रारूप में प्रदान ना कर सकने के बारे में आपको लिखित रूप में सूचित करना अनिवार्य होता है।

**संशोधन का अधिकार।** यदि आपको लगता है कि सिस्टम द्वारा अनुरक्षित आपकी स्वास्थ्य जानकारी गलत या अधूरी है, तो आपको सिस्टम से आपकी स्वास्थ्य जानकारी को सिस्टम द्वारा सिस्टम में रखे जाने तक संशोधित करने का अनुरोध करने का अधिकार होगा। अपनी स्वास्थ्य जानकारी में संशोधन का अनुरोध करने के लिए, कृपया अपना अनुरोध लिखित रूप में सुविधा या संस्था के स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन

विभाग में जमा करें। आपको संशोधन के आपके अनुरोध के समर्थन में एक कारण भी प्रदान करना होगा। सीमित परिस्थितियों में सिस्टम आपके अनुरोध को अस्वीकार भी कर सकता है। यदि आपके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया जाता है, तो सिस्टम को आपको लिखित स्पष्टीकरण प्रदान करना होगा कि इसे अस्वीकार क्यों किया गया।

**खुलासों के लेखा का अधिकार।** आपको "खुलासों का लेखा" का अनुरोध करने का अधिकार है, जिसमें सूचीबद्ध किया जाता है कि सिस्टम ने आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा कैसे किया है। सूची में कुछ खुलासे शामिल नहीं होंगे, जैसे कि आपके उपचार, भुगतान, या स्वास्थ्य देखभाल संचालन के लिए साझा की गई जानकारी या आपसे प्राधिकरण प्राप्त करने के बाद किए गए खुलासे। खुलासों का लेखा का अनुरोध करने के लिए कृपया अपना अनुरोध लिखित रूप में सुविधा या इकाई के स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन विभाग में जमा करें। आपके अनुरोध में उन खुलासों की समयावधि भी शामिल होनी चाहिए जो छः साल से अधिक की नहीं हो सकती, और उसमें 14 अप्रैल, 2003 से पहले की तारीखों को शामिल नहीं किया जा सकता। आपके द्वारा 12 महीने की अवधि के भीतर अनुरोधित पहली सूची निःशुल्क प्रदान की जाएगी। अतिरिक्त सूचियों के लिए, सिस्टम एक उचित शुल्क ले सकता है।

**प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने का अधिकार।** आपके पास अपनी स्वास्थ्य जानकारी पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने का अधिकार है जिसका सिस्टम उपचार, भुगतान या स्वास्थ्य देखभाल के संचालन के लिए उपयोग करता है या खुलासा करता है। आपके पास आपकी उस स्वास्थ्य जानकारी पर सीमा निर्धारित करने का अनुरोध करने का भी अधिकार है जिसका खुलासा सिस्टम आपकी देखभाल में शामिल व्यक्तियों के साथ करता है, जैसे कि परिवार के सदस्य या मित्र। अपनी स्वास्थ्य जानकारी पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने के लिए, कृपया अपना अनुरोध लिखित रूप में सुविधा या संस्था के स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन, भर्ती करने वाले या पंजीकरण विभाग में जमा करें। *सिस्टम का आपके प्रतिबंध के अनुरोध से सहमत होना अनिवार्य नहीं है।* हालांकि, यदि सहमति व्यक्त की जाती है, तो सिस्टम आपके अनुरोध का तब तक अनुपालन करेगा जब तक कि आपको आपातकालीन उपचार प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य जानकारी की आवश्यकता ना हो।

**वैकल्पिक संचार का अनुरोध करने का अधिकार।** आपको यह अनुरोध करने का अधिकार है कि सिस्टम आपके साथ आपके चिकित्सा मामलों या आपकी स्वास्थ्य जानकारी से संबंधित संवाद वैकल्पिक तरीके से या दूसरे स्थान पर करे। वैकल्पिक संचार विधियों का उपयोग करने का अनुरोध करने के लिए कृपया अपना अनुरोध लिखित रूप में सुविधा या इकाई के स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन विभाग में जमा करें। आपके अनुरोध में आपके द्वारा चुना गया संपर्क करने का तरीका निर्दिष्ट होना चाहिए। सिस्टम आपसे आपके अनुरोध का कारण नहीं पूछेगा, और सभी उचित अनुरोधों को समायोजित करेगा।

**उल्लंघन की स्थिति में सूचना का अधिकार।** आपको अधिकार है कि जब आपकी स्वास्थ्य जानकारी को ऐसे तरीके से हासिल किया गया हो, एक्सेस, उपयोग या खुलासा किया गया हो, जो कानूनी रूप से स्वीकृत ना हो, और जहां सिस्टम निर्धारित करता है कि आपकी स्वास्थ्य जानकारी संभावित रूप से संकट में पड़ गई है (जिसे "उल्लंघन" कहा जाता है), तो आपको सूचित किया जाये। यदि आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उल्लंघन होता है, तो इस उल्लंघन का पता लगने के 60 दिनों के भीतर आपको इस उल्लंघन के बारे में लिखित रूप में सूचना दी जाएगी।

**इस NPP की एक कागजी प्रति पाने का अधिकार।** आपको किसी भी समय इस NPP की एक कागजी प्रति पाने का अधिकार है। आप NYC Health + Hospitals की वेबसाइट https://www.nychealthandhospitals.org/ पर जाकर या सुविधा या इकाई के स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन, भर्ती करने वाले या पंजीकरण विभाग से संपर्क करके इस NPP की एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

**प्राधिकरण निरस्त करने का अधिकार।** यदि आपने सिस्टम को अपनी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग करने या उसका खुलासा करने का प्राधिकार प्रदान किया है, तो आप किसी भी समय, उस प्राधिकरण को लिखित में रद्द कर सकते हैं। यदि आप अपना प्राधिकरण रद्द कर देते हैं, तो सिस्टम आपके लिखित प्राधिकरण द्वारा कवर किए गए कारणों के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग या खुलासा नहीं करेगा। सिस्टम आपके प्राधिकरण के साथ पहले किए गए किसी भी खुलासे को वापस लेने में असमर्थ है।

**शिकायतें।** यदि आपको लगता है कि आपके गोपनीयता अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, आपकी स्वास्थ्य जानकारी को अनुचित रूप से एक्सेस, उपयोग या खुलासा किया गया है या आपको सिस्टम की गोपनीयता प्रथाओं के बारे में चिंता है, तो कृपया कॉर्पोरेट अनुपालन कार्यालय, कॉर्पोरेट गोपनीयता और सुरक्षा अधिकारी से CPO@nychhc.org पर ईमेल द्वारा या अज्ञात और गोपनीय रूप से 1-866-HELP-HHC पर सिस्टम के टोल-फ्री कम्प्लायंस हेल्पलाइन से संपर्क करें। आपको स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग के सचिव के पास भी शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है। *शिकायत दर्ज कराने के लिये आप दंडित नही किये जाएंगे।*